**खबर संक्षेप**

## जिलास्तरीय स्टेकहोल्डर्स, फार्मर्स कंसल्टेशन मीटिंग संपन्न

**मण्डला।** साफबिन परियोजना अंतर्गत कारितास इण्डिया और MPSSS मंडला के द्वारा जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स, फार्मर्स कन्सल्टेशन मीटिंग MPSSS, मंडला में संपन्न हुई। एक दिवसीय बैठक में जिला और ब्लॉक स्तरीय कृषि अधिकारी, हॉर्टिकल्चर, और स्वैछिक संस्थाओं के संचालक गण और 10 गाँवो से 40 लीड किसान उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना द्वारा संचालित जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव से छोटे किसानों के स्थायी कृषि प्रणाली पर संवाद का आदान-प्रदान किया गया। कृषि विभाग से श्री प्रताप सिंह पतले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मंडला द्वारा खरीफ के लिए सरकारी योजनाओं पर जानकारी साझा किये। निशार कुरैशी मंडला द्वारा कृषि आजीविका में मधुमक्खी पालन और शहद प्रसंस्करण पर किसानों को जानकारी साझा किये। चन्द्रहास पटेल नवीन सेवा भारती मंडला, श्री योगेंद्र ग्राम सेवा ट्रस्ट मंडला, सतपुड़ा नर्सरी के संचालक नरेश गोल्हानी मंडला द्वारा छोटे किसानों के स्थायी कृषि प्रणाली पर जागरूकता किये।

## श्री अशोक पांडे जी का निधन



**मण्डला।** वरिष्ट समाज सेवी एवम सामाजिक कार्यकर्ता श्री अशोक पांडे जी का उपचार के दौरान निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास बस स्टैंड के पीछे से रविवार को प्रातः 10 बजे खेरी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### स्थानीय लोगों व पेट्रोल पम्प मालिक के बीच विवाद की स्थिति

# पानी निकासी को लेकर मचा हंगामा





*** मौके पर पंहुचे तहसीलदार, नहीं पंहुची पुलिस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नेशनल हाईवे से लगे हुए ग्राम खड़देवरा पदमी चौराहा में खुसरा नाला का पानी अनेक घरों को क्षति पंहुचाते हुए आवाजाही को बाधित कर दिया है। आपको बता दें कि, खुसरा नाला ग्राम कोसमघाट से लेकर बीच के अनेक गांवों के खेतों का पानी लेकर बहता है। पिछले वर्षों में उक्त नाला का पानी लगभग 30 मीटर चौंड़ाई से बहा करता था लेकिन पिछले दिनों अनेक निर्माण होने की वजह से उक्त नाले का पानी कहीं 10 कहीं 15 मीटर चौंड़ाई से बह रहा है पानी का बहाव सकरा हो गया है जिसके चलते ग्राम औघटखपरी कॉलोनी एवं खड़देवरा पदमी चौराहा की बस्तियों में पानी भरा रहता है। इस नाले के उपर नेशनल हाईवे की बनायी गई पुलिया भी बहाव को बाधित करती है एवं निर्मित पेट्रोल पम्प से भी पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है। इससे बस्तियों में पानी के ठेल मारने के कारण घरों में पानी घुस जाता है। वहीं दूसरी तरफ एमपीआरडीसी द्वारा बनायी गई घुघरी सड़क में भी पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे खुसरा नाला में पानी का दबाव बढ़ गया है। पिछले शुक्रवार को घरों में पानी भरा देख पीड़ित एवं स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी मशीन बुलाकर पानी निकासी के लिए सफाई की जा रही थी। इसी दौरान स्थानीय लोगों एवं पेट्रोल पम्प मालिकों के बीच रात्रि में घण्टों हंगामा होता रहा। मौके पर नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ पंहुचे और यह कहते हुए चले गए कि कल सब ठीक हो जायेगा। इसी बीच क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य संदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे जिनकी उपस्थिति में जेसीबी मशीन का उपयोग कर साफ सफाई की गई। इस दौरान ओम शांति राईस मिल के मालिक से भी वाद विवाद होता रहा लेकिन घटना स्थल से दो किलोमीटर की दूरी में स्थित हिरदेनगर पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर नहीं पंहुची जबकि मौजूद पत्रकारों ने एस.आई.शिवशंकर राजपूत को फोन लगाया लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। मौजूद जागरूक लोगों की वजह से कोई घटना घटित नहीं हुई जबकि सैकड़ों लोगों की भीड़ में अनेक लोग नशे में थे। इस अवसर पर पुलिस का मौके पर ना पंहुचना पुलिस की सजगता पर सवाल खडे.करता है। इसलिए आवश्यक हो जाता है कि जब कभी कोई निर्माण कार्य चल रहा हो तब ही दूर दृष्टि का ध्यान रखते हुए समय पर हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।





## एक शाम आर डी बर्मन के नाम आयोजन में हुई मनमोहक प्रस्तुतियां



*** संगीत प्रेमियों के द्वारा आयोजित संगीत संध्या में सुरीली आवाज में हुई गीतों की पेशकश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अद्वितीय संगीत प्रतिभा, प्रयोगधर्मी शैली,भारतीय शास्त्रीय लोक और पश्चिमी संगीत के प्रभावों को सहजता से मिलाने की क्षमता रखने वाले राहुल देव बर्मन का सिनेमा जगत में बड़ा योगदान रहा है। इसी कारण से उन्हें पंचमदा के नाम से भी जाना जाता है। आर डी बर्मन ने 331 से अधिक फिल्मों के लिए संगीत दिया और कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया। उनके गीतों ने भारतीय और विदेशों में लोकप्रियता हासिल की। वह आज भी संगीतकारों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। उनके सम्मान में शहर के संगीत प्रेमियों के द्वारा स्थानीय झंकार भवन में संगीत संध्या का आयोजन किया गया, इसमें हिमाचली केप का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया। आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात आयोजन में मनमोहक प्रस्तुतियों में गीता काल्पीवार, प्रियंका अग्निहोत्री, कीर्ति बाजपेयी, मुक्ता पाण्डे, दिव्या खत्री, मीना शुक्ला, मधु बर्मन, पूर्णिमा चौधरी, मोनू ठाकुरता, नीलम खरे, आरती ज्योतिषी, शुभांगी शुक्ला, बबीता चौकसे, सीमा अग्रवाल, अभिषेक अग्निहोत्री, बाबा बाजपेयी, रोहित पाण्डे, चितवन सुखवानी, महेश नामदेव, अभिषेक बाजपेयी, उज्जवल नामदेव, चंद्रेश खरे, विमलेश मिश्रा, जयदत्त झा, विजय बहादुर सिंह, प्रवीण बाजपेयी, निशांत यादव, बलराम जसवानी, कृष्णा क्षत्री, अभिषेक बाजपेयी, राजेश अग्रवाल, अभय सोनी, झामन क्षत्री, अभिजयदत्त झा, रुपेश सोनवानी, अजय रघुवंशी, अर्जुन हरदहा, अभय सोनी, फारूक भाई ने सुरीली आवाज में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। आयोजन में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुनील साहू को स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, आलोक शुक्ला, राजेन्द्र शर्मा, पूर्णिमा शुक्ला, मृदुला काल्पीवार,निधि झा, कोमल पमनानी एवं जिले की गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शक्ति क्षेतीजा फ्रेंड्स क्लब का सराहनीय योगदान रहा।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही................

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले के वृत नैनपुर में चिरईडोंगरी में दबिश की कार्यवाही के दौरान 5 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। 24 पाव देसी प्लेन और मसाला, 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त किया गया। मदिरा विक्रय में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार ग्राम लफरा में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच ग्राम पंचायत लफरा के सरपंच एवं नशा मुक्ति समिति की महिलाओं की उपस्थिति में किया गया।

## पंचायत सिंगौधा सचिव की दी बधाई



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगौधा के सचिव दीपचंद साहू को स्थानांतरण अन्य पंचायत में होने के कारण ग्राम पंचायत सिंगौधा के पंच एवं नागरिकों ने ग्राम पंचायत में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के सचिव दीपचंद साहू को विदाई दी गई साहू जी द्वारा विगत वर्षों से पंचायत का संचालन कर रहे थे जिनमें सभी हितग्राहियों को सरकारी योजना का लाभ एवं पंचायत में कई जरूरी निर्माण कार्य कराए गए जिस पंचायत की समस्याओं से एवं हमेशा जरूरतमंदों की सहायता और हर समस्या को उलझा कर सभी को एक करते हुए पंचायत के पंचों से अच्छा सहयोग प्राप्त कर हमेशा समस्या को निराकरण के लिए हमेशा तैयार रहते रहे ऐसे सचिव की विदाई में सभी पंचायत के मेंबरों ने सचिव की विदाई दी इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंच एवं नागरिक एवं सरपंच भी शामिल हुए।

## बस स्टैंड पर बना गड्ढा दे रहा हादसों को न्योता

*** प्रशासन कुंभकर्ण नींद में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मंडला जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत नारायणगंज नगर में बस स्टैंड के समीप बना गड्ढा हादसों को खुली चुनौती दे रहा है कुछ समय पूर्व भी अखबारों के जरिए यह समाचार प्रकाशित कर प्रशासन को जगाने की कोशिश की गई लेकिन लगता है की यहा का प्रशासन कुंभकर्ण नींद में है रोजाना यहां से वाहन स्कूली बच्चे निकलते हैं परंतु इस की मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। इस बड़े गड्ढे की मरम्मत करने में ना ही पंचायत प्रशासन रूचि लेता है ना ही पीडब्ल्यूडी का ध्यान यहां जाता है रोजाना लोग बाग इस गड्ढे में हादसे के कारण घायल हो रहे हैं, बड़ी बात यह है कि इसी रोड़ से रोजाना जनपद से लेकर तहसील तक के कर्मचारी तथा अधिकारियों का आना जाना है परंतु अभी तक इस पर किसी ने ध्यान आकर्षित नहीं किया जो कि गंभीर विषय है।



**प्रयास** | रंग लाई प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की कड़ी मेहनत।

# 5 माह के शिवांश को मिला नया जीवन

*** कमजोर नवजात बच्चों के लिए एसएनसीयू एक महत्वपूर्ण घटक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले के विकासखण्ड मवई ग्राम खैरी के निवासी बलराम मरावी और श्रीमति अंजना मरावी के घर समय से पूर्व बच्चा शिवांश पैदा हुआ। जिसका वजन केवल एक किलो था। समय से पहले जन्मे को उसके माता-पिता अपनी मर्जी से जबलपुर मेडिकल कॉलेज वापस घर ले आये थे। 5 माह के शिशु शिवांश को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की लगातार कोशिशें आखिरकार रंग लाई।

मामले की जानकारी इस प्रकार है कि 29 जून को संभाग स्तरीय डॉ. सोनाली ठाकरे ने मण्डला के डीसीएम श्री हिमांशु सिंगौर को सूचना दी कि 5 माह का शिशु शिवांश जो वेंटीलेटर में रहा। उसके माता-पिता अपनी मर्जी से घर ले गये। डॉ. ठाकरे ने बताया कि बच्चे को अभी भी खांसी चल रही है। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्कता हैं। डीसीएम मण्डला के द्वारा जानकारी मिलते ही तत्काल कार्यवाही की गई। बीसीएम के माध्यम से सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ता को बच्चे के घर भेजा गया। स्वास्थ्य टीम ने बच्चे की जांच की एवं परामर्श दिया एवं अस्पताल में भर्ती कराने हेतु परामर्श दिया, लेकिन परिवार ने अस्पताल जाने से मना कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस का सहयोग लिया, फिर परिवार वाले बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए तैयार नही थे। जिला कम्यूनिटी मोबिलाइजर के द्वारा घटना की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा मवई बीएमओ से बात की। अगले दिन सीएचओ, आशा कार्यकर्ता को बच्चे को अस्पताल में ले जाने के लिए भेजा। लेकिन परिवार ने फिर मना कर दिया। ब्लॉक में एस.डी.एम. को सूचित किया गया। डी.सी.एम. ने सरपंच से बात की और सीएचओ से लगातार संपर्क में रहते हुए, उन्हें किसी भी स्थिति में बच्चे को जिला चिकित्सालय मण्डला भेजने का निर्देश दिया। 1 जुलाई को शिशु की मां और दादी, आशा बच्चे को लेकर जिला चिकित्सालय मण्डला पहुंचे बच्चे की समान्य जांच कराई गई। लेकिन पुनः परिवार ने बच्चे को घर ले जाने की जिद पर अड़े रहे। सबकी समझाइश के बाद बच्चे को पीकू वार्ड में भर्ती कराया गया एवं बच्चे की गंभीर स्थिति में देखते हुए उच्च संस्था मेडिकल कॉलेज जबलपुर में रिफर किया गया। 3 जुलाई को 108 वाहन से मेडिकल कॉलेज जबलपुर उच्च इलाज हेतु भेजा गया।



कम वजन एवं कमजोर नवजात बच्चों के लिए एसएनसीयू एक महत्वपूर्ण घटक है। यहां का ट्रेन्ड स्टॉफ और डॉक्टर द्वारा बच्चों को सुरक्षा कवच प्रदान करती है। उनके जीवन और स्वास्थ्य में वृद्धि तथा विकास बेहतर ढंग से हो। सभी ऐसे अभिभावक जिनके जन्मजात बच्चे कमजोर हैं, वे विभागीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क कर एसएनसीयू में भर्ती करा सकते हैं। अब शिवांश पूरी तरह स्वस्थ है।

# निर्माण कार्यों की खुलती कलई, क्या जिम्मेदारों पर होगी कड़ी कार्यवाही

*** बनते ही क्यों धराशायी हो रहे हैं ये निर्माण कार्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कोई भी निर्माण कार्य आने वाले समय और लोगों की उपयोगिता एवं जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये योजनाबद्ध किये जाते हैं और इन सभी बातों को मद्देनजर रखते हुये ही निर्माण कार्य की लागत तय की जाती है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उसके स्थायित्व को लेकर तकनीकि अधिकारियों को जिम्मेदार बनाया जाता है इन तकनीकि अधिकारियों को सरकार इसीलिये भारी भरकम वेतन देती है ताकि वे सरकार के प्रति ईमानदार रहते हुये निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को कायम रखें और प्राक्कलन अनुसार ही निर्माण कार्य संपन्न किये जायें लेकिन बनते ही जो निर्माण कार्य धराशायी हुये जा रहे हैं उनके लिये किसकों और कैसें जिम्मेदार ठहराया जाये।



देखा जाता है कि निर्माण कार्यो की प्रगति देखने तो सभी छोटे-बड़े अधिकारी जाते हैं और अपनी फोटो खिचवाकर उसे मीडिया में प्रकाशित कराते हैं लेकिन अब क्या कोई अधिकारी इस बात को लेकर आगे आयेगा कि इस घटिया निर्माण की जांच कराकर दोषियों को दण्डित किया जायेगा।

लगभग 06 माह पूर्व रेवा पथ का निर्माण किया गया था जिसकी कहानी पहले ही बरसात की बाढ़ ने खोलकर रख दी किस तरह निर्माण कार्य के दौरान छोटे-बड़े सभी नेताओं ने यहां अपनी फोटो खिचवा-खिचवाकर सोशल मीडिया में अपने प्रयासों का बखान किया था क्या ये नेतागण अब भी इस घटिया निर्माण के साथ फोटो खिचवाकर वायरल करेंगे।



इसी तरह के एक और निर्माण की असलियत उस वक्त सामने आ गई जब निवास विधानसभा के विकासखण्ड नारायणगंज से बबलिया को जोड़ने वाले मार्ग शंकरगंज बालई नदी पर बारिश के चलते अचानक बाढ़ आ जाने के कारण पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बन्द होने से ग्रामीणजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खबर लगते ही निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े प्रशासनिक अमले तहसीलदार, आर आई, पटवारी के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। यह मार्ग फिलहाल बंद है लेकिन जो नुकसान हुआ उसका जिम्मेदार कौन यह भी निश्चित नहीं हो सका है और क्या गुणवत्ता के साथ समझौता करने वाले एजेंसी एवं तकनीकि अधिकारियों पर कार्यवाही हो सकेगी यह भी एक बड़ा प्रश्न है। इसी तरह के तीसरे उदाहरण में हिरदेनगर और लफरा को जोड़ने वाले सुरपन नदी पर बने पुल की भी यही कहानी है यहां पर भी पुल को जोड़ने वाली सड़क बारिश में बह गई अब पुल से लगा हुआ जो हिस्सा है वह खोखले आधार पर लटका हुआ है ऐसे में कब तक यह स्थिर रह सकेगा यह भी निर्माण की असलियत बयां करता है।

## खबर संक्षेप

### गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाले प्रदेश स्तरीय मार्ग पर पुलिया टूटने से जिला मुख्यालय से टूटा संपर्क




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह भारी भरकम ट्रालाओं की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसका परिणाम क्षेत्र के लोगों को एक ओर अपनी जिन्दगी दांव पर लगाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है..? वही दूसरी ओर सड़को के परखच्चे भी उड़ने से नही बच पा रहे है। क्योंकि क्षेत्र की सड़के जिस क्षमता के साथ बनी हुई है उससे कही अधिक क्षमता वाले ट्रालों के दौड़ने के कारण सड़क बदहाली का शिकार होने से नही बच पा रही है। वही दूसरी ओर गाडरवारा तहसील को जिला मुख्यालय के साथ प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग यानि की गाडरवारा करेली मार्ग के दर्दशा की सच्चाई आये दिन मीडिया द्वारा उजागर किये जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय रहते हुये ध्यान नही दिये जाने का परिणाम बारिश के दौरान उजागर होने से नही चूक पा रहा है। बताया जाता है कि प्रदेश स्तर के माने जाने वाले इस मार्ग पर जहां गड्डो के चलते आम दिनों में वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये तो देखा ही जाता है। वही दूसरी ओर जब इस मार्ग का निर्माण हुआ था उस दौरान पुलियों के निर्माण कार्य में बरती गई कोताही का परिणाम अब उभरकर सामने आने से नही चूक पा रहा है। बीते हुये दिनों से लगातार चल रहे बारिश के दौर में बीते हुये दिवस गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग ग्राम बदेश्वर के पास एक पुलिया पूर्णरूप से धराशाही होने से नही बच बच पाई है। इस तरह पुलिया टूटने के चलते इस मार्ग का यातायात पूर्णरूप से बंद हो गया है। वही गाडरवारा सहित क्षेत्र के सैकड़ो गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। यह बात अलग है कि लोगों द्वारा वैकल्पिक मार्ग के रूप में पुरगंवा से सिहोरा होते हुये गरहा मार्ग या फिर खुलरी से बिलोनी मार्ग का उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। मगर यह मार्ग जहां अनेक गांवों के बीचों बीच से निकलने के चलते बडे वाहनों का आना जाना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी ओर अनेक ग्रामीण स्तर के नालो इस तरह से है कि जरासी बारिश के दौरान पुलियों के ऊपर पानी होने से नही चूकता है। इस तरह सही मायने में देखा जावे तो गाडरवारा क्षेत्र का जहां जिला मुख्यालय नरसिंहपुर से संपर्क टूट चुका है। वही पुलिया टूटने की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो जिस स्थिति में यह पुलिया टूटी हुई है उसका सुधार शीघ्रता के साथ होने की संभावना कम ही नजर आ रही है। क्योंकि चल रहे बारिश के दौरान पुलिया का निर्माण होने के बाद उस पर यातायात बहाल होने में काफी समय लग सकता है..? इस स्थिति में यदि बडे वाहनों को इन वैकल्पिक मार्गो से दौड रहे भारी भरकम डम्फर ट्रालाओं का आना जाना शुरू हुआ तो निश्चित तौर से ग्रामीणें की सुविधाओं के लिये बनाई गई सड़क गायब होने से नही बच पायेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटना की संभावना पैदा होने से भी इंकार नही किया जा सकता है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि राज्य स्तर मार्ग पर बनी हुई पुलिया की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है तो फिर ग्रामीण क्षेत्रों की सच्चाई किस प्रकार से होगी इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है...?

### सटोरियों के खिलाफ धरपकड़ जारी, अनेक सटोरियाँ पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जुंआ सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों अलग अलग जगहों पर छापा मारते हुये पुलिस ने अनेक सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर के चीचली तिहरा के पास शोभाराम पिता बाबू लाल धानक उम्र 39 साल निवासी इमलिया को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 300 रूपया, नगर के हनुमान वार्ड में सोनू पिता परमू ठाकुर के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 390 रूपया जप्त किये गये। वही सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम सिहोरा मेन बाजार में गगन पिता राजेन्द्र वर्मा 31 साल के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 220 जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली पुलिस द्वारा ग्राम ग्राम बारहाबड़ा में वही के निवासी अरविंद पिता राजू विश्वकर्मा के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 4 क जुंआ एक्ट के तहताम मामला कायम किया गया है।

# निर्माण को पूर्ण करने की अवधि को पांच साल का समय बीतने को है मगर आज भी अधूरा पड़ा हुआ है इमलिया से जैथारी मार्ग का शक्कर नदी पुल

**मासूम बच्चों सहित ग्रामीणों को जिन्दगी दांव पर लगाते हुये रस्सी के सहारे नदी पार करने की बनी मजबूरी, कहीं ऐसा तो नहीं कि अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कागजों पर बनकर तैयार तो नहीं हो चुका है....?**


















**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह केन्द्र से लेकर प्रदेश की सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये जहां गांव गांव पक्की सड़को निर्माण कराने के लिये पैसा पानी की तरह बहाते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर सरकार की सोच है कि गांवो में जब पक्की सड़को का निर्माण हो जावेगा तो ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ जहां वहां के बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार लाया जा सकता है और सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। इसी के चलते हर साल गांवों में पक्की सड़को के साथ साथ जरूरत के हिसाब से नदी नालों पर पुलो का निर्माण कराने के लिये राशि स्वीकृत की जा रही है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि सरकार द्वारा जिस प्रकार से राशि खर्च करते हुये गांवों में पक्की सड़को का निर्माण कराने के लिये राशि खर्च की जा रही है उसका लाभ ग्रामीणों को समय पर नही मिलने के कारण वह आज भी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों के साथ साथ संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत का परिणा है कि जहां प्रधान मंत्री या फिर मुख्यमंत्री सड़क योजना के नाम पर बनाई जाने वाली इन सड़को की गुणवत्ता इस प्रकार से होती है कि वह अपना पहला जन्म दिवस मनाने के पहले ही टूटते हुये नजर आने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि समाप्त होने के बाद सालों का समय निकल जाने के उपरांत भी वहां पर सड़को का निर्माण न होना निश्चित निर्माण कार्य करने वाली कंपनी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक पाती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इमलिया से जैथारी मार्ग पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दोनों गांव के बीच पड़ने वाली शक्कर नदी पर 6 करोड़ 39 लाख रूपया की कीमत से पुल का निर्माण होना था। मौके पर स्थापित किये गये वोर्ड के अनुसार दोनों गांव के बीच शक्कर नदी पर बनने वाले इस पुल की लम्बाई 186.620 मीटर के लिये शासन द्वारा पैकेज क्रमांक MP26.BSM03 के तहत स्वीकृत किया गया था। वही बताया जाता है कि इस पुल का निर्माण कार्य दिनांक 31 दिसम्बर 2018 से प्रारंभ होकर 30 दिसम्बर 2020 तक पूरा करना था। वही इस पुल के निर्माण कार्य को पूरा करने का ठेका मदन लाल एण्ड पार्टनर्स राजनंदगांव छत्तीगढ़ द्वारा लिया गया था। इस कार्य को पूर्ण कराने के लिये क्रियावयन ऐजेन्सी म.प्र. ग्रा. स. वि. प्राधि. परियोजना क्रिया. इकाई नरसिंहपुर को बनाया गया था। इस प्रकार से पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये जहां दो साल का समय निर्धारित था। मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी कही जावे या उदासीनता का परिणाम जिसके चलते निर्माण कार्य को पूर्ण होने की अवधि जहां 30 दिसम्बर 2020 को निकल चुकी है। इस प्रकार से इस अवधि को निकले हुये आज 4 साल 6 माह का समय बीत चुका है। मगर आज भी पुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इतना ही नही यदि कंपनी को पुल निर्माण के लिये दिया गया समय और इसमें जोड दिया जावे तो 6 साल 6 माह का समय निकल जाने के बाद भी आज पुल का निर्माण अधूरा होने के चलते जहां ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालते हुये नदी पार करने की मजबूरी बनी हुई है। वही दूसरी ओर यहां पर निवास करने वाले सैकड़ो बच्चे शिक्षा से बंचित होते हुये देखे जा रहे है। इस तरह पुल के निर्माण कार्य को पूर्ण होने की अवधि को पांच साल का समय बीतने को होने की स्थिति में लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि कही ऐसा तो नही कि पुल का निर्माण कार्य कागजों पर पूरा होने के साथ इस पुल के ऊपर से वाहन दौड़ते हुये दिखाई देने लगे हो...? सही मायने में देखा जावे तो क्षेत्र के नेताओं द्वारा शक्कर नदी के उस पार बसे हुये ग्राम जैथारी सहित अन्य गांवों के विकास की सोच रखते हुये शक्कर नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कराई गई थी। यदि समय पर इस पुल का निर्माण पूरा हो गया होता तो इस क्षेत्र के अनेक बेरोजगार युवा जहां रोजगार के अवसर प्राप्त करते हुये अपने गांवों की सूरत बदलने से नही चूक पाते। इस तरह वर्षो का समय बीत जाने के बाद भी जिस प्रकार पुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है उसके चलते वारिश के दिनों में इन गांवों के लोगों को शहर पहुंचना मुश्किल होने से नही चूकता है। क्योंकि जरूरी कार्यो से शहर या फिर अन्य गांवों को जाने वाले लोगों को रस्सी के माध्यम से अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये नदी पार करते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार का हाल स्कूल पढ़ने वाले बच्चों का देखा जा रहा है। बताया जाता है कि नदी के उस पार के अनेक बच्चों करेली, गाडरवारा, चीचली सहित कल्याणपुर इमालिया पढ़ाई करने के लिये आते है। मगर पुल का निर्माण नही होने के चलते जब शक्कर नदी में बाढ़ की स्थिति बन जाती है तो वह स्कूल जाने से बंचित होने के लिये मजबूर हो जाते है। कभी कभी नदी में नाव मौजूद रहती है तो नाव से बच्चों को पार करते हुये देखा जाता है। इस सच्चाई के चलते जहां अभिभावको को अपने बच्चों की जिन्दगी की सदा ही चिंता बनी रहती है। मगर हैरत की बात है कि पुल निर्माण कार्य को पूरा कराने वाली कंपनी की मनमानी की सच्चाई को संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है वह चर्चा विषय बनने के साथ साथ सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रहा है..? क्योंकि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई जाने वाली सड़क हो या फिर पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लगभग पांच साल की गारंटी होती है। इस सच्चाई के चलते तो इस पुल की गारंटी अवधि भी पूर्ण होने की स्थिति में दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? इस तरह लगभग सात साल पहले स्वीकृत हुये पुल को आज तक निर्माण कार्य पूरा न होने के चलते चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को अनेक प्रकार की शासकीय योजनाओं से बंचित होते हुये देखा जा रहा है। मुख्य रूप से क्षेत्र के बच्चे शिक्षा से बंधित हो रहे है। वही दूसरी ओर यदि नदी के उस पार निवास करने वाले लोग के बीच कोई गंभीर बीमारी फैल जावे या फिर कोई घटना घटित हो जावे तो इस हाल में शासन की मदद की उम्मीद कर पाना क्या संभव हो पायेगा..? इस संबंध में स्कूल जा रहे कुछ बच्चों से जब हरिभूमि ने चर्चा की गई तो स्कूली बच्चों का कहना है कि पुल का निर्माण नही होने के कारण बारिश के दिनों मं हम स्कूल जाने से बंचित हो जाते है और हमारी पढ़ाई प्रभावित होती है। वही दूसरी ओर अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे से चर्चा की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि ग्राम इमलिया जैथारी के बीच अधूरे पड़े हुये पुल की सच्चाई मेरे संज्ञान में आज ही आई है। मेरे द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि बजट स्वीकृति को लेकर कोई परेशानी है इसलिये कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। वही जिस तरह से लोग वहां से निकल रहे है वह चिंता जनक है। मैं अपील करती हूं की निर्माणाधीन पुल से क्षेत्र के लोग आना जाना न करे अन्य दूसरे किसी मार्ग से निकलते जिससे कोई घटना घटित होने से बच सके। इस तरह अधिकारियों से लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा के दौरान पुल की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पाई है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि पुल निर्माण के लिये यदि बजट या फिर जगह को लेकर कोई व्यवधान पैदा हो रहा है..तो सबाल यह पैदा हो रहा है कि सरकार द्वारा इसके लिये पहले से ही पूरी रूप रेखा तैयार करते हुये भूमि का अधिग्रहण करने के साथ बजट स्वीकृत करते हुये कार्य को शुरू किया जाता है...? यदि जगह का मामला नही सूलझता है तो फिर क्या यह पुल इसी तरह अधूरा रह जावेगा...?

## लगातार दूसरे साल बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई श्रीराम मंदिर चांवडी मार्ग से भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को आयोजन हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की दूज को जगदीश रथ यात्रा दिवस पर संपूर्ण भारत वर्ष में होता है। इसी के चलते बीते हुये 27 जून को नगर के जगदीश मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई थी जिसके चलते जगदीश मंदिर से रथ पर सबार होकर निकले हुये जग्गनाथ जी का हर साल की भांति अभी नगर में भ्रमण जारी है। वही आषाढ़ शुक्ल पक्ष के दौरान नगर में लगातार दूसरे साल राम मंदिर चांवडी वार्ड से अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के संस्थापकाचार्य कृष्णकृपाश्रीमूर्ति श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेंदांत श्रील प्रभुपाद व भक्ति जीवन ब्रजनंदन स्वामी महाराज इस्कॉन श्री जगन्नाथ मंदिर बरमान घाट के तत्वाधान में भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। इस तरह नगर में लगातार दूसरे साल शहर के श्रीराम मंदिर से निकाली गई भगवान जग्गनाथ की रथ यात्रा जहां आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाई थी। सजे धजे रथ पर सबार जगत के नाथ की जहां मनमोहन प्रतिमा भक्तों को अपनी भक्ति में लीन करने के लिये मजबूर करते हुये जान पड रही थी। वही धर्म शस्त्रों में इस बात का उल्लेख है कि जो व्यक्ति भगवान जगन्नाथ के रथ के रस्से को पकड़ कर यदि कोई भी व्यक्ति एक कदम भी आगे चलता है उसे एक अश्व मेघ यज्ञ करने के बरबार का पुण्य प्राप्त होता है और जो भक्त भगवान जगन्नाथ से रथ यात्रा महोत्सव का साक्षी बनता है उसे अपने जीवन की समाप्ति पर भगवान धाम की प्राप्ति होती है। इन मान्यताओं के आधार पर नगर के राम मंदिर चांवडी वार्ड में रथ निकलने के पहले ही लोगों का हुजूम एकत्र हो गया था। वही देखा गया कि भगवान की रथ की रस्सी में अपना हाथ लगाने के लिये लोगों में उत्साह बना हुआ था। इस तरह डी जे साउंड सहित ढोल ढमाकों की धूमधाम व लतहराती धर्म ध्वजाओं के साथ संत व महात्माओं के सानिध्य में निकाली गई। जिसमें समाज सेवी मुकेश बसेड़िया, रेवाश्री वुक्स के संचालक प्रदीप कौरव, राजू भाई चार गांववाले, नीरज कौरव ठुटी, संजय कौरव, राघवेन्द्र कौरव रहली सहित अन्य लोगों ने रथ की रस्सी को खीचते हुये भगवान जग्गनाथ जी का पूजन अर्चन किया गया। इस तरह नगर में जहां एक ओर मोहर्रम पर्व की धूम मंची हुई तो दूसरी ओर इस तरह जग्गनाथ जी की रथ यात्रा ने निश्चित ही नगर में का दृश्य मनमोहक करने में कोई कसर नही छोडी गई थी। इस तरह भगवान







जगन्नाथ जी की इस रथयात्रा के दौरान शहर में श्रद्धा, भक्ति के अद्भूत नजारे देखने मिले। वही दूसरी ओर शहर के श्रद्धालु पुरूषों, महिलाओं के साथ युवाओं तथा बच्चों ने भगवान जगन्नाथ का पूजन, दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया और भगवान जगन्नाथ का जयघोष किया। वही रथ के साथ चल रहे प्रसादी वितरण में वितरित हो रही अनेक प्रकार की प्रसादी रूप सामग्री को लेकर आदर के साथ ग्रहण की गई। क्योंकि कहा जाता है कि भगवान जगदीश जी की प्रसादी को जो कोई ग्रहण करना है तो उसका घर कभी खाली नही रहता है। उस पर अन्नपूर्णा का बरदान होता है। इसी लिये कहा जाता है कि जगन्नाथ का भांत जगत पसारे हाथ के चलते नगरवासी भगवान का भांत रूपी प्रसादी लेने के लिये भगवान के सामने भीड़ लगाते हुये देखने मिली। क्योंकि रथ यात्रा को दौरान वितरण होने वाली भात की इस प्रसादी को लेकर लोग अपने घर के रसोई भंडारे में मिलता है तो वह कभी खाली नही होता है। इसी मान्यता के चलते लोग भगवान की रथ यात्रा के दौरान वितरण होने वाली भगवान की आर्शीवाद स्वरूप प्रसादी जगननाथ प्रसादी को ले जाकर अपने भंडारे में जरूर रखते है। इस प्रकार से भगवान जगदीश की की यह रथ यात्रा नगर के चॉवडी रोड स्थित श्रीराम मंदिर से निकलते हुये पानी टंकी से होकर पलोटन गंज, शासकीय चिकित्सालय मार्ग से निकलते हुये राठी तिरहा, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी पहुंचने के बाद इस रथ यात्रा का बडे ही विधि विधान के साथ समापन हुआ। इस प्रकार से नगर के लिए यह सौभाग्य की बात थी कि हाथ फैलाकर लोगों पर कृपा लुटा रहे सुसज्जित रथ पर अपने बड़े भाई बलदेव व बहिन सुभद्रा के साथ विराज मान भगवान जगत के नाथ नगरवासियों को आर्शीवाद प्रदान कर रहे थें। वही दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश के बीच भक्तगण नृत्य करने में मग्न हो रहे थें। वही दूसरी ओर रथ को कुछ समय तक रथ को खीच रहे संतों ने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया गया। यह भगवान जगन्नाथ जी के रथ की शोभायात्रा नगर में भ्रमण के दौरान लोग दर्शन करने के साथ पूजा हेतु उत्साह में दिखाई देने से नही चूक रहे थें।

## सर्वब्राम्हण महासभा द्वारा किया तहसील स्तरीय मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान, प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहे मौजूद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





देश के भविष्य माने जाने वाले बच्चों द्वारा जिस प्रकार से वोर्ड परीक्षाओं में सफलता हासिल करते हुये अपनी समाज व अपने माता पिता का नाम रोशन किया जा रहा है। उसके चलते समाजिक स्तर पर सम्मान समारोह आयोति किये जा रहे है। इसी के चलते बीते हुये दिवस प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में सर्व ब्राम्हाण महासभा क्षेत्र तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा को उचित प्रोत्साहन व सम्मान मिलना चाहिए जिसकी वह हकदार है अन्यथा प्रतिभा अपने आप को पहचान नहीं पाती और वह उचित दिशा नहीं पकड़ पाती। समाज का भी यह दायित्व है कि वह प्रतिभा संपन्न युवाओं को आगे लाये और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे" उक्त विचार सर्वब्राह्मण महासभा के तहसीलस्तरीय मेधावी विद्यार्थी एवं विशिष्ट नवाचारी सम्मान समारोह में क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए व्यक्त किये गये। बताया जाता है कि

इस अवसर पर कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर व ग्रामों में 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विप्र विद्यार्थियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं स्वागत दुपट्टा धारण कराते हुये सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विशेष नवाचार सम्मान में शिक्षा, चित्रकला, कृषि, लघु उद्योग ,विज्ञान आदि में विशेष नवाचार करने पर ऋषभ शुक्ला, राहुल दुबे, एवं शिवम दीक्षित, श्रीमती अर्चना स्वामी निहारिका अधरुज , के के राजोरिया, मनीष तिवारी और अभिषेक शुक्ला को विशेष नवाचारी सम्मान से सम्मानित किया गया। आगे अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि समाज प्रतिभा संपन्न होगा तो राष्ट्र भी तेज गति से उन्नति करेगा व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र बनता है प्रतिभा राष्ट्र के लिए समर्पित हो। वही इस मौके पर सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि आप ऐसे मुकाम पर हैं जब आपको अपना सारा समय, सारा ध्यान, सारी शक्ति अपनी पढ़ाई पर केंद्रित करना है नई-नई पुस्तकों का स्वाध्याय करें और मोबाइल से पर्याप्त दूरी बनाएं। इसके पहले सरस्वती पूजन एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश हुआ। कार्यक्रम को पूर्व विधायक पंडित नरेश पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, पं संतोष शर्मा,पं डी के उपाध्याय, सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभिभावक अभिभावक एवं समाज के गणमान्य मौजूद थें।

## मुस्लिम समुदाय द्वारा अकीदत के साथ आज मनाया जायेगा मोहर्रम, इंदिरा कंपलेक्स के सामने लगेगा ताजियों का मजमा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहीदाने करबला इमाम हुसैन की याद में नगर में मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाया जा रहा है। इस संबंध में अब्दुल फिरोज खान बबलू द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि आज मोहर्रम की 10 तारीख को इंदिरा कॉम्प्लेक्स के सामने सुबह से आलीशान मजमा रहेगा। वही नगर के सभी ताजिये वहा पर रखे जायेंगे तथा इमामबाड़ों की सबारिया बाबाओ की आमद के साथ ताजियों को सलामी देकर पूरे नगर में रन करेगी । शहनाई की धुन पर शहीदी कलाम सुनाई देंगे। इस दौरान हर साल की भांति लोगों द्वारा अकीदत के साथ ताजियों पर इत्र खुशबू लोभान पेश कर रेबड़ी का तबर्रुक



चढ़ाया जाएगा । वही दूसरी ओर इंदिरा कॉम्पलेक्स जाने वाले मार्ग पर जगह जगह लंगर सबील का वितरण किया जाएगा। वही



आज नगर में ताजियों व सबारियो का मजमा रहेगा इंदिरा कॉम्पलेक्स पर सैकड़ो की संख्या लोग ताजियों की जियारत करने पहुचेंगे । बड़े बली इमामबाड़े व शक्तिचौक पर हसनी हुसैनी सोयायटी द्वारा लगाए गये है। इस तरह परचम पर भी भारी मजमा देखने को मिलेगा । इंदिरा कॉम्प्लेक्स के सामने दोपहर तक ताजिए रखे रहने के बाद सभी अपने अपने मुकाम पहुचेंगे । वही नगर में गरीब नवाज चौकी, मुकरबा दरगाह , बंगला वाले, जबरन दरबार, मंडला वाले, सुल्तान बाबा , शानू बाबा, सुल्तान पीर, बाबली अखाड़ा सहित ओर भी सबारिया अपने अपने काफिले के साथ रन करते हुए मुरादियो से मिलेंगे । वही दूसरी ओर जगह जगह बाबाओ के लिए शरबत के प्याले भी रखे जाएंगे । आज ही कि रात्रि में चावड़ी पर बारह भाई इमाम बाड़े के सामने ताजिये रखे जाएंगे वहा पर सबारिया रन करने आएगी जिसके चलते यहां पर रात भर मजमा लगा रहेगा। चावड़ी पर पूरी रात मजमा रहेगा यहा पर लोग जियारत करने पहुचेंगे। वही मोहर्रम की 11 तारीख सोमवार की सुबह सभी ताजिए नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पर रुकने के बाद करबला के लिए रुखसत होंगे। मोहर्रम के चलते नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में ताजियों को ठंडा किया जाएगा । जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान, मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान, हसनी हुसैनी सोसायटी अध्यक्ष लकी अली, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष मुजीब खान ने एकता भाईचारे के साथ मोहर्रम त्योहार मनाने अपेक्षा व्यक्त की गई है। चल रहे मोहर्रम पर्व के चलते मस्जिद में होगी आशूरे की नमाज। बताया जाता है कि मस्जिदों में जिक्र ए शहीदाने करबला का आयोजन चलता रहा जिसमे इमाम हुसैन की शान में बयान पेश किए गये । आज मस्जिदों में आशुरे नमाज की नमाज पढ़ी जाएगी । लोग अपने घरों में भी नमाज अदा करेंगे । मोहर्रम का पर्व इंसानियत का पैगाम देता है आशुरे के दिन सेवाभाव के साथ नेक काम करना चाहिए । मुस्लिम समाज ने स्थानीय प्रशासन , पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद से आज मोहर्रम पर्व पर होने वाले आयोजन में प्रशासनिक सहयोग करने में जुटा हुआ दिखाई दे रहा है।

# डिंडौरी में बीज-खाद की अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई
## 4 लाइसेंस निलंबित, 2 निरस्त, 39 प्रतिष्ठानों को नोटिस





**डिंडौरी।** खरीफ सीजन 2025 के मद्देनज़र डिंडौरी जिले में बीज, खाद और कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिलेभर में कृषि इनपुट्स की गुणवत्ता की जांच के साथ-साथ अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

अभियान के दौरान शहपुरा, मेहंदवानी और बजाग क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं। शहपुरा के किसान सुविधा केंद्र, आशीष बीज भंडार, मेसर्स राज साहू; मेहंदवानी के संजू साहू बीज भंडार; तथा बजाग के किसान कृषि केंद्र, गाढ़ासरई में कार्रवाई करते हुए विभाग ने 38.38 क्विंटल बीज, 108 किलोग्राम बायोफर्टिलाइज़र और 12 लीटर तरल उर्वरक जब्त किए हैं। इन प्रतिष्ठानों पर तत्काल प्रभाव से विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।

अनियमितताओं के आधार पर शहपुरा के मेसर्स राज साहू और मेहंदवानी के सागर ट्रेडर्स के लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि दो अन्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही, अभियान के अंतर्गत निजी विक्रेताओं के अलावा किसान उत्पादक संगठनों का भी निरीक्षण किया गया।

मेसर्स खरमेर नर्मदा महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड में गड़बड़ी पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, बजाग के माँ नर्मदा कृपा, कन्हैया बीज भंडार, तथाचंदनघाट के ओम स्वास्तिक बीज भंडार को दस्तावेजों के अभाव में नोटिस जारी किए गए हैं।



### अब तक की प्रमुख कार्यवाहियाँः

कुल 86 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण
4 लाइसेंस निलंबित, 2 लाइसेंस निरस्त
39 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस
160 बीज और खाद के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान पर कालाबाजारी या अवैध भंडारण की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी व राज्य मंत्री ने अमृत हरित महाभियान में प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार एवं कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कोतमा स्थित मॉडल स्कूल प्रांगण में आयोजित ''अमृत हरित महाभियान'' कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद द्वारा लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की सराहना की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन फिर पड़ा भारी, 10 स्कूली बस पर कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** "सुरक्षित स्कूल बस अभियान" के तहत बिजुरी क्षेत्र में संचालित निजी स्कूल बसों /बैन पर हाईवे चौकी द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बस क्रमांक MP-65-P-0175 बस को चेक करने पर वाहन का परमिट नहीं पाया गया। जिस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 10,500/- जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य 9 स्कूली बसों पर भी कार्यवाही कर कुल 17,000/- जुर्माना अधिरोपित किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर "सुरक्षित स्कूल बस अभियान" के तहत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान यातायात हाईवे चौकी से एएसआई आनंद तिवारी, आरक्षक विनय मिश्रा, मोहित श्रीवास्तव, कपिल सोलंकी उपस्थित रहे।

## दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश के कारण हरियाली की तैयारी जोरों पर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

क्षेत्र में किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश के कारण हरियाली की तैयारी जोरों पर है। किसानों ने खेतों की जुताई और पलेवा के बाद अब धान की बुआई शुरू कर दी है। शुक्रवार की सुबह से शुरू हुई तेज बारिश के बाद कोतमा सहित ग्रामीण इलाकों में धान की बुआई के कार्य ने जोर पकड़ ली है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में बड़ी मात्रा में धान की खेती होती है और किसान हर साल किसानी की प्रतीक्षा में रहते हैं। इस साल किसानों ने पहले ही धान की आमद की तैयारी कर ली थी। जैसे ही खेत में खेती शुरू हुई, किसानों ने खेती का काम शुरू कर दिया। कुछ क्षेत्रों में किसानों ने पहले ही नहरों और जंगलों में पानी की व्यवस्था कर दी थी, लेकिन अब बारिश के बाद धीरे-धीरे अन्य क्षेत्रों में भी यह कार्य गति पकड़ता जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बारिश होती रही, तो जिले में इस बार धान उत्पादन के अच्छे आंकड़े देखने को मिल सकते हैं। बारिश शुरू होते ही किसानों में हौसला बढ गया है और वे पूरे लगन से खेती के कार्य में लगे हुए हैं। जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे शुक्रवार से हो रही झमाझम बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिले में नगर में झमाझम बारिश होने के कारण दुकान भी लेट खुली रही है। झमाझम बारिश होने के कारण सड़कों पर पानी का जल भराव भी जगह-जगह देखने को मिल रहा है नालिया गंदगी से भरी पड़ी है नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नदी नाले भी उफान पर है।



## स्वैच्छिकता से समाज निर्माण की ओर कदम, म.प्र. जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन







**डिंडोरी।** म.प्र. जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 4 जुलाई 2025 को स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय, डिंडोरी के सभाकक्ष में गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य मेकलसुता महाविद्यालय श्री बिहारीलाल द्विवेदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर न्याय बोर्ड सदस्य एडवोकेट श्री केहर सिंह वर्मे, सेवा भारती के सचिव श्री रविकांत दुबे एवं जन अभियान परिषद डिंडोरी के जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत श्रीफल व पौधा भेंटकर किया गया। सबसे पहले मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के संदेशों का वाचन जिला पंचायत अध्यक्ष श्री परस्ते द्वारा किया गया। जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान ने परिषद की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों एवं योजनाओं पर पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में परिषद के माननीय उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर का वीडियो संदेश प्रस्तुत किया गया। साथ ही जल गंगा संरक्षण अभियान पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य वक्ता श्री द्विवेदी ने समाज में समरसता एवं सहयोग की भावना को स्वैच्छिकता का मूल बताया और कहा कि समाज में जब जाति-वर्ग भेद मिटेगा, तभी भारत सशक्त बनेगा।कार्यक्रम के अंत में जल गंगा संरक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री परस्ते द्वारा सभी को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई। आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया तथा संचालन का दायित्व विकासखंड समन्वयक शहपुरा डॉ. नीलेश्वरी वैश्य ने निभाया।इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंड समन्वयक — श्रीमती अंजु दुबे (बजाग), श्री भानु मरावी (करंजिया), श्रीमती सुशीला ठाकुर (मेंहदवानी), श्रीमती मंजूलता राव (समनापुर) सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति व नर्मदा सेवा समिति के सदस्य और कई स्वैच्छिक संगठन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर ₹एक पौधा मां के नाम₹ अभियान के तहत अतिथियों द्वारा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## पीआरटी कॉलेज में आयोजित हुआ लर्निंग लाइसेंस कैंप, 42 छात्रों के जारी किए लर्निंग लाइसेंस



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पी.आर.टी. कॉलेज अनूपपुर में ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस का कैंप लगाया गया, जिसमें स्थानीय युवा एवं कॉलेज की छात्राओं द्वारा लाइसेंस बनवाने हेतु भाग लिया गया, कैंप में उपस्थित बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया, लाइसेंस की आवश्यकता के विषय में बताया गया।लर्निंग लाइसेंस प्रदाय करते हुए जानकारी दी गई की एक महीने बाद स्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन करें तथा जिला परिवहन कार्यालय से स्थाई लाइसेंस प्राप्त करें।

कैंप में कुल 29 छात्राओं एवं 13 युवाओं के कुल 42 लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए, छात्राओं को निशुल्क लाइसेंस प्रदाय किए गए। जिला परिवहन विभाग एवं यातायात अनूपपुर द्वारा अभी तक तीन गांव एवं कॉलेज में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित कर 170 लोगों को लाइसेंस प्रदाय किए गए है। कैंप में जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, कॉलेज के प्रबंधक विजय तिवारी, आदर्श मिश्रा, आलोक कुशवाहा, आरटीओ ऑफिस से अंकित जायसवाल, आदित्य मिश्रा उपस्थित रहे।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में रस्सी खींचने नंगे पैर पहुंचे भक्त
# जय जगन्नाथ के जयकारों से गुंजायमान हुआ शहर

**अनूपपुर नगर के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा आयोजन**

**जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा, सेवादारों के लिए जगह-जगह भक्तों ने की थी स्वल्पाहार की व्यवस्था**





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ,बलराम और सुभद्रा जी की भव्य रथयात्रा अनूपपुर शहर में निकाली गई। भव्य रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर सामतपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर, गुरुद्वारा रोड, पीएचई ऑफिस, अंडर ब्रिज, स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में संपन्न हुई। हजारों श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते, भजनों पर झूमते हुए रथ खींचते चले।

### जय जगन्नाथ के उद्घोष से पूरा वातावरण हो रहा था गुंजायमान

उज्जैन से मंगाए गए विशेष रथ पर वैदिक विधि से विराजित प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया एवं आरती उतारी। नगर के समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। समापन अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी वितरित की गई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। हजारों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में शनिवार को अनूपपुर शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। हजारों भक्तों ने रथ खींचते हुए पूजा अर्चना की।यात्रा का शुभारंभ शिव मारुति मंदिर सामतपुर से हुआ और नगर के विभिन्न मार्गो से निकली रथयात्रा में हजारों रसिकजन रस्सी खींचकर चलते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की पूजा अर्चना की गई। कई रसिक जन सड़कों पर झाडू लगाते रथ के आगे चलते रहे। पूरा नगर धर्ममय हो गया। जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ की धुन पर झूमते रहे भक्तयात्रा के दौरान नंगे पैर उमड़े रसिकजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रसिक जनों की भीड़ को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में समस्त नगर समा गया हो। भगवान के श्रृंगार में अलौकिक दिव्य दर्शन हो रहे थे। जिधर भी नजर जा रही थी, उधर जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ की धुन पर रसिकजन झूम रहे थे। चारों ओर से जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था।



### नगर के इतिहास में पहली बार निकली झांकी

रथयात्रा में जगह-जगह नगर के सेवादारों ने विभिन्न प्रकार के शरबत, पानी, बिस्किट, चिप्स की व्यवस्था की थी, वहीं भगवान जगन्नाथ का प्रसाद पाने के लिए रसिकजनों की होड़ मची रही। जगन्नाथ रथ यात्रा में रसिकजनों की संख्या को देखकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस्कान मंदिर की संकीर्तन मंडली ने हरे राम, हरे कृष्ण की धुन से माहौल भक्तिमय बनाया। महिला व पुरूष संकीर्तन मंडल भजन गा रहा था। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया गया। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती हुई। भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। अनूपपुर के इतिहास में पहली बार निकली जगन्नाथ रथ यात्रा का नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर रथ यात्रा का स्वागत किया। अनूपपुर शहर सहित गांव-गांव से आए श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर उत्साहित नजर आए।

### इस्कॉन केंद्र प्रमुख एवं प्रभारी ने व्यक्त किया आभार

इस्कॉन केंद्र के प्रमुख अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास एवं प्रशांत पांडे ने अनूपपुर के इतिहास में पहली बार मिली सफलता के लिए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए आभार व्यक्त किया है एवं भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि आने वाले वर्षों में जगन्नाथ रथ यात्रा को और आकर्षक बनाया जाएगा एवं सभी के सहयोग से अनूपपुर में शीघ्र इस्कॉन मंदिर की स्थापना की जाएगी।

### महंगाई डायन खाये जात है .....
## मौसम व महंगाई ने बिगाड़ा किचन का बजट



### हरी सब्जियों के दाम कम से कम 40 के पार, आगे और बढ़ेगी परेशानी

**फिलहाल दाम कम होने के आसार नहीं**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

लगातार बढ़ते सब्जियों के कीमत आने वाले दिनों में भी कम नहीं होने के आसार नहीं है। सब्जी बाजार में छह माह से अधिक समय से 20 से 30 रूपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर 50 रूपये किलो तक पहुंच गया है, वहीं गोभी भी 70 से 80 रूपये किलो तक बिक रहा है। जिले के हाट बाजारों से लेकर शहर की सब्जी मंडियों में इन दिनों लोकल सब्जियों की आवक नहीं के बराबर बनी हुई है। यहां की लोकल आवक अधिक होने से सब्जियों के दाम कम होते हैं लेकिन जिले के लोकल बाडियों में सब्जियां खराब होने से स्थानीय सब्जियों की आवक नहीं हो रही है।

### फिलहाल दाम कम होने के आसार नहीं

बाजार के एक सब्जी व्यवसायी ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक सब्जियों के दाम कम होने वाले नहीं हैं। यही वजह है कि लोगों को हरी सब्जियां महंगी कीमत पर ही खरीदनी पड़ेंगी। प्याज, खीरा, नींबू व टमाटर के बढ़े भाव ने तो थाली से सलाद ही गायब कर दिया। अमूमन सब्जी के साथ तड़का लगाने के लिए मिलने वाले धनिये का भाव तो सिर चढकर बोल रहा है कि लोग भाव पूछकर ही आगे बढ़ रहे हैं। इस महंगाई की रेस में आलू भी पीछे नहीं है। आलू का दाम 25 से 30 पहुंच गया है।

### सब्जी खरीदना हो रहा मुश्किल

सब्जियों के दाम लगातार बढ़ने से घर की रसोई का बजट बिगड़ गया है। शहर के सुखलाल सिंह का कहना है कि हरी सब्जियों के बढ़ते दामों ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। टमाटर से लेकर गोभी तक की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। ऐसे में सब्जी खरीदना मुश्किल हो रहा है। टमाटर का दाम बाजार में 50 से 60 रूपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। ऐसे में सब्जी के साथ सलाद भी थाली से गायब हो गया। बढ़ती महंगाई व सब्जी की कीमतों में भारी उछाल ने खाने की थाली का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है।

### सब्जियों की कीमत एक नजर में

टमाटर 50- 60 रूपये प्रति किलो
गोभी 70- 80 रूपये प्रति किलो
पत्ता गोभी 40-50 रूपये प्रति किलो
हरी मिर्च 50-70 रूपये
हरा धनिया 90- 120 रूपये प्रति किलो
लौकी 30-40 रूपये प्रति किलो
आलू 25-30 रूपये प्रति किलो

### रेसीपी में केचअप व सॉस हुए शामिल

गृहणियां टमाटर की बजाए अब टोमेटो केचअप व टोमेटो सास का उपयोग किचन में कर रही हैं। इनका कहना है कि इससे टमाटर की कमी महसूस नहीं हो रही है। टमाटर सहित अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमत पर लगाम लगाने प्रशासन पहल नहीं कर रहा है। अदरक, धनिया, मिर्ची, गोभी सहित करेला सभी के दाम आसमान पर है।

## खबर संक्षेप

### जहरीली वस्तु के सेवन से व्यक्ति मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फूलसिंह पिता नन्हे लाल गड़रिया उम्र 40 वर्ष निवासी दौन थाना मुंगवानी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### करंट लगने से बच्चे की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस घर मे खेलते समय बच्चे को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वासु पिता अज्जू पटेल उम्र ढेड़ वर्ष निवासी मुंगवानी को घर पर खेलते समय करंट लग गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### नहीं रहे नीलेश सिंह पटेल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सूखा ढिंगसरा निवासी प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के पुत्र चै. नीलेश सिंह का अल्प आयु मे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे रविवार 6 जुलाई को किया जावेगा। आप चैधरी मुन्नालाल पटेल के छोटे पुत्र एवं डॉ. नीरज पटेल व राजकुमार पटेल के छोटे भाई थे।

### डीआईजी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस उप महानिरीक्षक, छिन्दवाडा रेंज डी. कल्याण चक्रवर्ती द्वारा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, विशेष रूप से त्यौहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर आये पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज छिंदवाड़ा डी. कल्याण चक्रवर्ती द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक के उपरान्त सी.सी.टी.व्ही. कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर नगर में संचालित सभी कामों के संबंध में जानकारी ली गयी एवं निर्देश दिए गए कि नगर में लगे सभी कैमरों की मदद से त्योहारों के दौरान गतिविधियों पर सतत निगरानी करने हेतु निर्देश दिए गए।

### विक्षिप्त युवक ने की सांड की सवारी, भीड़ ने बनाए वीडियो

छतरपुर। शहर के छत्रसाल चौक पर शनिवार सुबह एक अनोखा और खतरनाक नजारा देखने को मिला, जब एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने सांड की सवारी शुरू कर दी।

# जिले में बारिश का कहर जारी

# पुल पुलिया डूबने से टूटा संपर्क



**जगह - जगह भरा पानी, धसकी पुलिया**

बीते दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जिले में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। वही जिले की सभी नदियां उफान पर है। पुलिस धसकने व पुल के ऊपर बाढ़ का पानी होने के कारण जिला मुख्यालय से कई तहसील व गांवों का संपर्क टूट गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वही स्टेट हाईवे में पुलिया टूटने के कारण गाडरवारा से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट गया। वही जिले के कई स्थानों पर पानी पुल के उपर से होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। वही आपदा से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे है। वही जिला मुख्यालय मे जनपद पंचायत मे पानी का भराव होने से काफी परेशानी बनी रही जिसे नगर पालिका द्वारा निकाला गया।



### गांवों को टूटा संपर्क

बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। शनिवार सुबह से जिले के कई प्रमुख मार्ग बाधित हैं। स्टेट हाईवे 22 पर करेली-गाडरवारा मार्ग पूरी तरह बंद है। कई ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क अन्य गांवों और मुख्यालय से टूट गया है। स्टेट हाईवे 22 पर शनिवार सुबह 7 बजे बंदेसुर और बटेसरा के बीच एक पुलिया बारिश के कारण धंस गई। इससे करेली से गाडरवारा का संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है। भरवारा तिराहे के पास एक विशाल वृक्ष गिरने से जबलपुर-नरसिंहपुर राष्ट्रीय मार्ग भी अवरुद्ध है। कुछ छोटे वाहन डाँगीढाना मार्ग से वैकल्पिक रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। गोटेगांव तहसील के श्रीनगर क्षेत्र में दतला नाला और ऊमर नदी उफान पर हैं। इससे श्रीनगर से उमरिया मार्ग बाधित हो गया है। इस मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का कार्य दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही से अब तक काम पूरा नहीं हो सका है। ऊमर नदी पर बने पुल को तेज बहाव से नुकसान की आशंका है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना जताई है।

### जलभराव से नागरिक परेशान



रानी अवंतीबाई वार्ड स्थित गली नम्बर 1 में 50 क्वार्टर्स के पास स्थित मकानों के पास हुई लगातार भारी बारिश से कॉलोनी में अनेक स्थानों पर जल भराव होने से कॉलोनी वासियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है जिससे धनारे कॉलोनी, 50 क्वार्टर्स के पास निवास कर रहे लोगों के मकान के सामने नालियां ना होने से जल का जमाव हो गया है और 1 से 2 फुट पानी उनके मकानों के सामने कच्चे रास्ते पर भर गया। कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका को जलभराव की सूचना दी नगरपालिका द्वारा इस जल के निकासी की कोशिश भी की गई किंतु नालिया ना होने की वजह से रास्ता और अस्त-व्यस्त हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस वार्ड के उक्त हिस्से में ना तो व्यवस्थित नालियों का निर्माण किया गया है और ना ही सड़क का निर्माण किया गया है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना बरसात के मौसम में करना पड़ रहा है।

### जारी रहेगी बारिश, अलर्ट जारी





जिले में बारिश के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। वही मौसम विभाग के अनुसार इस मानसून सत्र में जिले में 10 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है और आगामी सप्ताह भर और तेज बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। वही प्रशासन द्वारा बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। गनीमत है कि बारिश की रफतार कम ज्यादा होती रहती है। जिससे जलभराव कम है। वही प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार नदियों मे बढ़ रहे जल स्तर के कारण बरगी डेम के गेट खोले जाने की सूचना दी गई। जिससे नर्मदा नही में बाढ़ के संकेत है वही प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवस दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस महाविद्यालय के समस्त विभागों राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, गणित, वाणिज्य, रसायन, भौतिकी, प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, कंप्यूटर साइंस आदि द्वारा विषयवार जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा विषय चयन, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली एवं महाविद्यालय की आचार संहिता पर संवाद किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, जिसमें पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, क्रीड़ा विभाग, एन.सी.सी., एन.एस.एस. कक्ष एवं अन्य छात्रहित सुविधाओं से उन्हें अवगत कराया गया। कार्यक्रम का समापन 4 जुलाई को महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी एवं छात्र अभिप्रेरणा सत्र के माध्यम से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू जबलपुर की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनीता पहाड़िया तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डॉ. मनीष अग्रवाल मंचासीन रहे। डॉ. स्वाति चांदोरकर, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ एस के उप्रेलिया, एस एल चैधरी, डॉ. सुधा शाक्य, डॉ. शोभा मिश्रा भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नमिता साहू एवं डॉ. गणेश कुमार सोनी ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनीष अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "दीक्षारम्भ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में पहला संगठित कदम है। हमें न केवल ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाना है। यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक पहल है।" मुख्य अतिथि डॉ. अनीता पहाड़िया ने नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह नीति विद्यार्थियों को बहुविषयी कौशल और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करती है। शिक्षण संस्थानों को अब केवल शिक्षा केंद्र नहीं बल्कि नवाचार और सामाजिक नेतृत्व के केंद्र बनना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। गजेन्द्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रवेश प्रक्रिया पर जानकारी दी, डॉ. राजेश ठाकुर ने प्रशासनिक संरचना और स्टाफ परिचय करवाया। छात्रवृत्तियों की जानकारी महेन्द्र सिंह मेहर ने दी। करियर मार्गदर्शन सत्र में डॉ प्रभृति सेन, खेल गतिविधियों पर अर्पित सक्सेना तथा पुस्तकालय सेवाओं पर वीरेंद्र झरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। एन. एस. एस. और एन.सी.सी. के कार्यों की जानकारी श्रीमती रीता रावत एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने साझा की। डॉ. प्रभृति सेन एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन के से सम्बंधित सभी का आधार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति में डॉ. नमिता साहू, डॉ. गणेश कुमार सोनी, डॉ. गगन ताम्रकार सहित समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही।



# ई-समंस एवं वारंट को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस कंट्रोल रूम में समस्त न्यायालयों में पदस्थ प्रस्तुतकार, एवं जिला के समस्त न्यायालयों के कोर्ट मोहर्रिर, थानों के समंस - वारंट मादगार एवं निष्पादन अधिकारियों को न्यायालयों द्वारा ई-समंस एवं वारंट जारी तामीली प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में अपर सत्र न्यायाधीश, राम मनोहर दांगी, पुलिस अधीक्षक, श्रीमती मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया, एसडीओपी, नरसिंहपुर, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, कोतवाली एवं स्टेशन गंज, प्रभारी फिंगर प्रिंट शाखा, प्रभारी लीगल सेल, प्रभारी समंस वारंट शाखा, सीसीटीएनएस शाखा एवं जिला अभियोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में अपर सत्र न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताया गया कि ई-समंस वारंट कैसे जारी किया जाता है, इसमें समंस वारंट का प्रारूप, आवश्यक जानकारी, और जारी करने की विधि को समझाते हुए उनको डिजीटल माध्यम से समंस वारंट कैसे भेजे जाते हैं, यह प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ-साथ समंस वारंट की तामील की पुष्टि एवं कानूनी प्रावधानों और नियमों की जानकारी दी गयी।

# दीक्षारंभ समारोह के दौरान नवप्रवेशित छात्रों को दी गई जानकारी




तेंदूखेड़ा

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह प्रत्येक महाविद्यालय में मनाया जा रहा है।इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय में प्रथम दिवस नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया । सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं महाविद्यालय के चार्टर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करवाया गया साथ ही संचालित योजना की जानकारी के साथ खेल से संबंधित गतिविधियों के बारे में समझाया गया। महाविद्यालय में चल रही छात्रवृत्ति एवं अन्य हितग्राही योजनाओं के बारे में बताया गया।तृतीय दिवस छात्र जीवन में छात्रों को किस प्रकार से रहना चाहिए और एनईपी एवं एन एसएस के बारे में जानकारी दी गई। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ भानू प्रताप प्रजापति सहायक प्राध्यापक डॉ बी डी डॉ मनीषा वर्मा डॉ रश्मि तिवारी डॉ आदर्श चैधरी डॉ प्रशांत कुमार डॉ दीपेश ठाकुर डॉ रश्मि तिवारी डॉ मनीषा वर्मा सहित महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक और कर्मचारी गण छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# इंजी. मनीष बाजपेई की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी करेली इंजी. मनीष बाजपेई अपनी 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई। श्री बाजपेई की प्रथम नियुक्ति 21 जून 1989 लखुन्दर परियोजना मक्सी से प्रारंभ हुई। आपने लाटगाँव, बगासपुर नरसिंहपुर में मुख्य नहर का कार्य, सतना नागौद, हालोन परियोजना में तकनीकी कार्य एवं 2009 में सहायक अनुसंधान अधिकारी मेहगांव जबलपुर में कार्य किया एवं वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी कोटि नियंत्रण (अर्थ डेम) अनुविभाग करेली नरसिंहपुर पदस्थ रहकर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना का तकनीकी कार्य कुशलता पूर्वक किया गया। वर्ष 2022 से मध्यप्रदेश डिप्लोमा एसोसिएशन समिति नरसिंहपुर के अध्यक्ष पद पर रहकर कर्मचारी हितैषी कार्य किये एवं सामाजिक क्षेत्र, खेल जगत में अपनी अहम भूमिका निभाई। जगतगुरू श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी के शिष्य के रूप में रहकर परमहंसी मंदिर के अंतर्गत धर्मशाला, स्कूल, नैत्र चिकित्सालय, वृद्धाश्रम, मंदिरों के निर्माण में मुख्य तकनीकी के रूप में सहयोग रहा। आपके बिदाई समारोह में नरसिंहपुर जिले से विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं खेल प्रेमियों ने भाग लेकर उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट पर प्रकाश डालते हुए साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बिदाई दी। विदाभिनंदन कार्यक्रम राजेश सिंह, अंकुर शर्मा, श्याम मालवी, विनय जैन, राजेश सिंह ठाकुर, देव दौनेरिया, पी के जैन ,परिवार से सुरेश दुबे, सानू, शिवम बाजपेई, सत्यम बाजपेई, संचिता, कृतिका, सात्विक बाजपेई आदि शामिल रहे।

# देश के विकास में किसानों की अहम भूमिका कृषकों को बीज एवं यंत्र वितरण अवसर पर बोले विधायक



**तेंदूखेड़ा** किसानों को बीज या यंत्रों का वितरण नहीं बल्कि नई उम्मीदों का बीजारोपण और सशक्त किसान की ओर एक ठोस कदम है।हमारे अन्नदाता किसान भाई-बह, इस देश की रीढ़ हैं। और देश के विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान जब खेतों में पसीना बहता है तभी देश के अन्न भंडार भर पाते हैं। और हर नागरिक को अन्न प्राप्त हो पाता है। हमारी सरकार की प्राथमिकता हमेशा किसानों के हितों के लिए ही रही है।देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश में किसान कल्याण के अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सिंचाई योजनाएं और अब आधुनिक कृषि यंत्रों का वितरण यह सब किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।प्रतिबद्ध है। उक्त विचार तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित बीज एवं कृषि यंत्र वितरण अवसर पर कृषकों के बीच व्यक्त किए। इसके पूर्व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बी एम साहू के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनुदानात्मक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तथा कृषकों को स्पाइरल ग्रेडर एवं पूषा 16 निशुल्क बीज वितरण किया गया।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा संतोष पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया प्रताप कौरव सोनू महाराज रूपम विश्वकर्मा शालिगराम पांडोरिया सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण तथा किसान बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।